आंदोलन

**ये सिर्फ आंदोलन नही बल्कि श्रमिकों के अधिकारों और सम्मान की लड़ाई है : योगेश यादव**

# कल राष्ट्रव्यापी आंदोलन, बस स्टैंड से निकलेगी रैली

**नवभारत, बालाघाट।** भारतीय मजदूर संघ के राष्ट्रीय आह्वान पर 25 फरवरी 2026 बुधवार को दोपहर 12 बजे से एक दिवसीय राष्ट्रव्यापी आंदोलन आयोजित किया जाएगा। इस संबंध में सोमवार 23 फरवरी को नगर मुख्यालय में संगठन की बैठक संपन्न हुई, जिसमें आंदोलन की रूपरेखा, रैली मार्ग और प्रमुख मांगों पर विस्तार से चर्चा की गई ।निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार आंदोलन की शुरुआत बस स्टैंड, बालाघाट से होगी। यहां से श्रमिकों एवं कर्मचारियों की रैली शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए कलेक्टर कार्यालय पहुंचेगी, जहां




प्रधानमंत्री एवं केंद्रीय श्रम मंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा। संगठन ने जिले के सभी सरकारी एवं निजी विभागों में कार्यरत कर्मचारियों और श्रमिकों से बड़ी संख्या में उपस्थित होकर आंदोलन को सफल बनाने का आह्वान किया है।

ईपीएफओ अंशदान के लिए वेतन सीमा में वृद्धि की जाने,ईएसआईसी अंशदान की वेतन सीमा बढ़ाई जाने,ईपीएस-95 के अंतर्गत पेंशन राशि बढ़ाकर न्यूनतम 7500 रुपये प्रतिमाह किए जाने, पेंशन भोगियों को आयुष्मान भारत योजना का लाभ देने, खदानों एवं अन्य संस्थानों में कार्यरत ठेका श्रमिकों को नियमित किए जाने,आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका, मिड-डे मील रसोईया, पेशा मोबिलाइजर, अतिथि शिक्षक, नगर पालिका के अनियमित कर्मचारी, आउटसोर्सिंग कर्मचारी एवं सफाई कर्मियों को स्थायी कर उन्हें कामगार का दर्जा देने लोडिंग अनलोडिंग, के दाम बढ़ाने, जो मजदूर बांस टाल, कवेलु कारखानों, पेट्रोल पंप, अनाज मंडी, वेयरहाउस और धान खरीदी केंद्रों में कार्यरत हैं उन्हें सामाजिक सुरक्षा के दायरे में शामिल करने,चालक एवं परिचालकों को श्रमिक पंजीयन, दुर्घटना एवं जीवन बीमा, पेंशन, वृद्धावस्था सहायता तथा स्वास्थ्य बीमा जैसी सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का लाभ देने सहित अन्य मांगों को धरना व ज्ञापन के माध्यम से पूरा करने की गुहार लगाई जाएगी।

भारतीय मजदूर संघ अध्यक्ष योगेश यादव ने बताया कि यह आंदोलन केवल मांगों का ज्ञापन देने तक सीमित नहीं है, बल्कि श्रमिकों के अधिकारों और सम्मान की लड़ाई का प्रतीक है। उन्होंने जिले के सभी कर्मचारी एवं श्रमिक संगठनों से एकजुट होकर आंदोलन में शामिल होने का आग्रह किया ।उन्होंने बताया कि लंबे समय से श्रमिक वर्ग विभिन्न समस्याओं से जूझ रहा है, जिनके समाधान के लिए यह राष्ट्रव्यापी आंदोलन आवश्यक हो गया है। आंदोलन के माध्यम से सामाजिक सुरक्षा, वेतन सीमा, पेंशन और नियमितीकरण जैसे मुद्दों को प्रमुखता से उठाया जाएगा।

# अल्लाह की रजा के लिए 5 साल के आरिश ने रखा रमजान का रोजा

**भूखे प्यासे रहकर, रोजा रख इबादत करने में बच्चे दिखा रहे उत्साह**

**नवभारत, बालाघाट।** शुरुवाती गर्मी के बीच,पवित्र माह रमजान में मुस्लिम धर्मावलंबियों की इबादातों का दौर जारी है।जहां अधिकतम 33 डिग्री तापमान में भी रोजेदारों के रोजे गर्मी पर भारी पड़ते नजर आ रहे हैं। कंठ सुखा देने वाली इस गर्मी में भी मुस्लिम बच्चों का उत्साह कम होने का नाम नहीं ले रहा है जहां अब महज 5 वर्ष के बच्चे भी इस रमजान में रोजे रख अल्लाह की इबादत कर रहे हैं।जिसका एक नजारा रविवार की शाम नगर के वार्ड नं 10 स्थित जामेआ नूरिया मदरसा परिसर में देखने को मिला।जहा वार्ड नं.10



रजा नगर निवासी मो.इमरान क़ुरैशी के 5 वर्षीय पुत्र मो.आरिश क़ुरैशी ने माहे रमजान का रोजा रख गुनाहों से निजात पाने की दुआएं मांगी।इस तरह मो आरिश ने रमजान का पहला रोजा रख ,रोजेदारों में अपना नाम दर्ज कराया आपको बताएं कि मुस्लिम धर्मावलंबियों का सबसे पवित्र माह रमजान 19फरवरी से शुरू हो चुका है।

जहां मुस्लिम धर्मावलंबियों के द्वारा कंठ सुखाने वाली इस गर्मी में 13 घंटे से अधिक समय तक निर्जल रोजा रख इबादतें की जा रही है। ऐसे कठिन समय और गर्मी में भूखे प्यासे रहकर रोजा रखने पर मो आरिश के दादा मो अकबर क़ुरैशी, दादी वाहिदा क़ुरैशी, बड़े पाप मो अरशद क़ुरैशी, चाचा मो इरफान क़ुरैशी, भाई फैज, उवैश सहित अन्य ने फूल मालाओ से आरिश का स्वागत कर, उसकी हौसला अफजाई के लिए तरह तरह के गिफ्ट भेंट किए है। साथ ही सामुहिक रोजा अफ्तार कर उनके हक में नेक दुवाए की है।

# सहायक कलेक्टर आकाश अग्रवाल को किरनापुर एसडीएम का प्रभार

**डिप्टी कलेक्टर आदित्य तिवारी को बिरसा तहसील का प्रभार**

**नवभारत, बालाघाट।** कलेक्टर श्री मृणाल मीना ने प्रशासनिक कार्य व्यवस्था की दृष्टि से अधिकारियों के बीच पूर्व में किये गए कार्य विभाजन में आंशिक संसोधन किया है। जिसके फलस्वरूप भारतीय प्रशासनिक सेवा के परिवीक्षाधीन अधिकारी सहायक कलेक्टर श्री आकाश अग्रवाल को आगामी आदेश तक के लिए किरनापुर एसडीएम का सम्पूर्ण प्रभार सौंपा गया है। किरनापुर में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व का प्रभार संभाल रहे श्री मायाराम कौल को संयुक्त कलेक्टर के पद पर कलेक्ट्रेट कार्यालय बालाघाट में पदस्थ किया गया है।

इसी प्रकार परिवीक्षाधीन डिप्टी कलेक्टर श्री आदित्य नारायण तिवारी को प्रशिक्षण अवधि में तहसीलदार बिरसा का आहरण एवं संवितरण सहित सम्पूर्ण प्रभार सौंपा गया है। जिसके फलस्वरूप सहायक अधीक्षक भू-अभिलेख एवं प्रभारी तहसीलदार बिरसा श्री राजूलाल नामदेव को आगामी आदेश तक कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बैहर में पदस्थ किया गया है। यह आदेश तत्काल प्रभावी हो गया है।

# दिवंगत खिलाड़ियों की याद में आयोजित टूर्नामेंट में इमानुएल क्लब के सिर बंधा जीत का सेहरा

**नवभारत, परसवाड़ा ।** फुटबॉल की नगरी के नाम से विख्यात उकवा नगर में वर्ष भर फुटबॉल प्रतियोगिताये आयोजित होती रहती है,इसी कड़ी में उकवा की प्रसिद्ध फुटबॉल टीम एसबीएम फुटबॉल क्लब द्वारा उकवा मॉयल ग्राउंड में उकवा के दिवंगत खिलाड़ी आकाश ठाकुर,सुभाष खरे,मंगल कुमार की पावन स्मृति में जिला स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता का शानदार आयोजन उकवा मॉयल ग्राउंड में किया गया,जिसमें क्षेत्र की दस टीमों ने हिस्सा लिया, और सारी टीमों को परास्त कर अंतिम मुकाबले में एसबीएम उकवा एवं इमानुएल क्लब फाइनल मुक़ाबले में पहुंची जहां दोनो ही टीमों ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया ,किंतु अंतिम समय में इमानुएल क्लब के



खिलाड़ी ने गोल दाग कर फाइनल में जीत का खिताब अपने नाम किया,जिसे चमचमाती ट्रॉफी एवं नगद पुरस्कार प्रदान किया गया।

आज समापन अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित उकवा चौकी प्रभारी आकाश शर्मा,जिला फुटबॉल संघ के उपाध्यक्ष एवं सामाजिक कार्यकर्ता जेम्स बारीक नव निर्वाचित सरपंच राम बत्ती ऊईके, पंच ललिता रौतिया, पंच रमेश कुमार,पत्रकार संजना बर्वे,दिवंगत खिलाड़ी के परिजन सरस्वती बाई,उमा ठाकुर,सातो बाई,शकुन बाई,गजानंद मेश्राम, आदि की गरिमामई उपस्थिति में दिवंगत खिलाड़ियों के छाया चित्र पर पूजन अर्चन कर खिलाड़ी परिचय के साथ किया गया।

आयोजन में अनेक खिलाड़ियों को अलग अलग क्षेत्र में उत्कृष्ठ खेल के लिय सम्मानित किया गया, जिसमें आकर्षक ट्रॉफी बायस क्लब उकवा द्वारा प्रदान की गई,विजेता ट्राफी मंगल कुमार परिवार के द्वारा प्रदान किया गया।

# प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत 26 को बालाघाट में एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम

**नवभारत, बालाघाट।** बालाघाट में दिनांक 26 फरवरी 2026 को प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन जिला उद्योग केन्द्र बालाघाट के सभागार में किया जाएगा। जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र की महाप्रबंधक श्रीमती प्रीति मर्सकोले ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य जिले के पारंपरिक कारीगरों एवं शिल्पकारों को योजना के प्रावधानों, लाभों तथा आवेदन प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी प्रदान करना है।

कार्यक्रम में संबंधित विभागों के अधिकारी, बैंक प्रतिनिधि, जनप्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में स्थानीय कारीगर एवं संभावित हितग्राही शामिल होंगे। इस दौरान योजना के अंतर्गत उपलब्ध कौशल उन्नयन प्रशिक्षण, आधुनिक औजारों की खरीद हेतु वित्तीय सहायता, सुलभ ऋण सुविधा, डिजिटल लेन-देन को बढ़ावा, तथा प्रमाणन संबंधी प्रावधानों की जानकारी विस्तारपूर्वक दी जाएगी। इसके अतिरिक्त, कार्यक्रम स्थल पर ही पात्र हितग्राहियों के पंजीकरण एवं मार्गदर्शन की विशेष व्यवस्था की जाएगी, जिससे अधिक से अधिक कारीगर योजना का लाभ प्राप्त कर आत्मनिर्भर बन सकें।

जिला प्रशासन द्वारा समस्त पात्र कारीगरों एवं शिल्पकारों से अपील की गई है कि वे निर्धारित तिथि पर उपस्थित होकर योजना की जानकारी प्राप्त करें तथा शासन की इस महत्वपूर्ण पहल का लाभ उठाएं।

# नि :शुल्क विशाल स्वास्थ्य एवं टीबी जांच शिविर आयोजित

**275 क्षय रोगियों को फूड बास्केट का हुआ वितरण**

**नवभारत, बालाघाट।** बालाघाट-सिवनी लोकसभा क्षेत्र की सांसद श्रीमती भारती पारधी ने अपने जन्मदिवस को सेवा और जनकल्याण के संकल्प के साथ समर्पित करते हुए 23 फरवरी, सोमवार को नि:शुल्क विशाल स्वास्थ्य एवं टीबी (क्षयरोग) जांच शिविर का आयोजन किया है। स्वास्थ्य विभाग एवं महावीर इंटरनेशनल के सहयोग से यह शिविर बालाघाट स्थित तुरकर भवन, अंबेडकर चौक में प्रात: 10 बजे से अपराह्न 4 बजे तक आयोजित किया गया।

सांसद श्रीमती पारधी ने बताया कि जनसेवा ही उनके जीवन का प्रमुख उद्देश्य है और जन्मदिन जैसे विशेष अवसर को समाज के प्रति जिम्मेदारी निभाने के रूप में मनाना उनके लिए गर्व की बात है। स्वास्थ्य विभाग एवं महावीर इंटरनेशनल के सहयोग से उनके जन्मदिन के अवसर पर स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया है। इस शिविर में बीपी, शुगर सहित कई तरह की जांचे की गई और क्षय रोग के मरीजों को जल्द स्वस्थ होने के लिए फूड बास्?केट तथा नेत्र रोगियों को चश्मों का नि:शुल्क



वितरण किया गया है। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती भारती ठाकुर, आईएमए के प्रदेश अध्?यक्ष डॉ. बीएम शरणागत, नगर पालिका के पार्षद, अन्य गणमान्य नागरिक एवं बडी संख्या आमजन उपस्थित थे।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ परेश उपलप के मार्गदर्शन में जिला स्वास्थ्य समिति बालाघाट एवं महावीर इंटरनेशनल एपेक्स के सहयोग से 23 फरवरी को सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक वृहत स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस स्वास्थ्य शिविर में 712 हितग्राहियो द्वारा स्वास्थ्य जॉच कराया गया एवं नि:शुल्क चश्मा,दवाईयो सहित क्षय रोग की स्क्रीनिंग टीबी मरीजों को फूड बास्केट वितरण किया गया।

इस हेल्थ कैंप के माध्यम से मोबाइल एक्स-रे वैन एवं डिजिटल एक्स-रे मशीन एआई बेस्ड के माध्यम से 104 एक्स-रे किए गए एवं 82 हितग्राहियों के खखार सैंपल कलेक्ट किए गए। इसके साथ ही क्षय रोग के 275 मरीजों को सांसद श्रीमती भारती पारधी द्वारा फूड बास्केट वितरित किए गए। टी.बी. सक्रीनिंग एवं फुड बास्केट वितरित किये गये हितग्राहियो की सख्या 379 रही। इसके साथ ही स्वास्थ्य शिविर के माध्यम से 111 हितग्राहियो की सिकलसेल की जांच की गई। शिविर में 162 हितग्राहियों की ऑखो की जांच की गई एवं 104 हितग्राहियों को चश ?मा वि ?तरण किया गया। इस शिविर में शहरी क्षेत्र की आशा कार्यकर्ताओं का भी स्वास्?थ ?य परीक्षण कराया गया और ऑखो की जॉच उपरांत सांसद श्रीमती पारधी के माध्यम से चश्में वितरित किये गये।

इस मेगा स्वास्थ्य शिविर में सरकारी एवं प्रायवेट विषय विशेषज्ञ चिकित्सको द्वारा भी अपनी सेवॉए प्रदान की गई स्वास्थ्य शिविर में आए एम.डी. मेडिसीन, स्त्री रोग विशेषज्ञ, शिशुरोग विशेषज्ञ, कान. नाक गला, रोग विशेषज्ञ, त्वचा रोग विशेषज्ञ, बाल रोग विशेषज्ञ, अर्थो स्पेशिलस्ट, के माध्यम से भी 333 हितग्राहियों की जांच एवं उपचार सहित आवश्यक दवाइयों का वितरण किया गया इस शिविर में 502 हितग्राहियो के सीबैक फार्म भरकर उनके बी.पी., शुगर की भी जॉच संपादित की गई। वही मलेरिया विभाग द्वारा मलेरिया, डेंगू से बचाव हेतु विशेष काउंसलिग/मरामर्श भी प्रदान किया गया। इस स्वास्थ्य शिविर में कुल 712 हितग्राहियो द्वारा स्वास्थ्य जॉच, उपचार का लाभ प्राप्त किया गया।

# परसवाड़ा में पृथक वन विभाग रेंज ऑफिस की मांग

**कुमनगांव-परसवाड़ा-बघोली को मिलाकर बनाया जाए नया रेंज कार्यालय**

**नवभारत, परसवाड़ा।** परसवाड़ा मुख्यालय में वन विभाग का पृथक रेंज ऑफिस खोले जाने की मांग अब जनआंदोलन का रूप लेती जा रही है। क्षेत्र के कुमनगांव, परसवाड़ा और बघोली परिक्षेत्र को एकीकृत कर नया रेंज कार्यालय स्थापित किए जाने की मांग ग्रामीणों द्वारा लगातार उठाई जा रही है। उनका कहना है कि मुख्यालय में रेंज ऑफिस की स्थापना से न केवल प्रशासनिक सुविधा बढ़ेगी, बल्कि आम नागरिकों को भी बड़ी राहत मिलेगी।

### दो-दो रेंज ऑफिस के चक्कर लगाने को मजबूर ग्रामीण

वर्तमान स्थिति में कुमनगांव परिक्षेत्र की समस्याओं के समाधान के लिए ग्रामीणों को लामता रेंज ऑफिस जाना पड़ता है, जबकि परसवाड़ा और बघोली बीट से जुड़े मामलों के लिए बैहर रेंज ऑफिस के चक्कर काटने पड़ते हैं। एक ही विकासखंड के ग्रामीणों को अलग-अलग रेंज कार्यालयों में जाना पड़ना क्षेत्र की प्रशासनिक विसंगति को दर्शाता है। इससे समय और धन दोनों की अनावश्यक बर्बादी हो रही है, वहीं कई बार छोटे-छोटे वन संबंधी कार्य भी लंबित रह जाते हैं।

### वन संरक्षण पर भी पड़ रहा असर

ग्रामीणों का कहना है कि यदि परसवाड़ा मुख्यालय में रेंज ऑफिस स्थापित किया जाता है तो वन विभाग का अमला यहीं स्थाई रूप से निवास करेगा। इससे वनों और वन्य प्राणियों की सुरक्षा पर प्रभावी निगरानी संभव होगी। वर्तमान में अधिकारी-कर्मचारी मुख्यालय में स्थाई रूप से निवास नहीं कर पा रहे हैं, जिससे वन संरक्षण कार्य प्रभावित हो रहे हैं। क्षेत्र में अवैध कटाई और वन अतिक्रमण जैसी समस्याओं पर भी समय रहते नियंत्रण नहीं हो पाता।

जानकारी के अनुसार पूर्व में वन विभाग निगम अंतर्गत रेंज ऑफिस बीजाटोला में संचालित होता था, किंतु परिसीमन के पश्चात उसे भी हटा दिया गया। इसके बाद से कुमनगांव, परसवाड़ा और बघोली परिक्षेत्र की प्रशासनिक व्यवस्था बिखर गई है। ग्रामीणों का कहना है कि लगातार बढ़ते कार्यक्षेत्र और वन संपदा को देखते हुए पृथक रेंज कार्यालय की आवश्यकता और भी अधिक महसूस की जा रही है।

ग्रामीणों ने क्षेत्रीय विधायक से मांग की है कि वे आगामी बजट सत्र सहित अन्य सत्रों में इस विषय को गंभीरता से उठाएं और शासन का ध्यान आकर्षित कराएं। उनका कहना है कि कुमनगांव, परसवाड़ा और बघोली बीट को मिलाकर पृथक रेंज ऑफिस की स्थापना क्षेत्रहित में अत्यंत आवश्यक है।

ग्रामीणों का आरोप है कि अब तक इस महत्वपूर्ण मुद्दे पर न तो शासन-प्रशासन ने ठोस पहल की है और न ही जनप्रतिनिधियों ने अपेक्षित गंभीरता दिखाई है। यदि समय रहते निर्णय लिया जाता है तो इससे न केवल आमजन को राहत मिलेगी, बल्कि वन संरक्षण को भी मजबूती मिलेगी और स्थानीय स्तर पर प्रशासनिक व्यवस्था सुदृढ़ होगी।

स्थानीय नागरिकों ने शासन और जनप्रतिनिधियों से अपील की है कि वे क्षेत्र की भौगोलिक परिस्थितियों, वन क्षेत्र की व्यापकता और ग्रामीणों की व्यावहारिक समस्याओं को ध्यान में रखते हुए परसवाड़ा में पृथक वन विभाग रेंज ऑफिस की स्थापना का निर्णय शीघ्र लें, ताकि क्षेत्र की वर्षों पुरानी मांग पूरी हो सके।

## बालाघाट से इंदौर-भोपाल बस यात्रियों के लिए किराया निर्धारित

**बालाघाट।** त्यौहारों के सीजन में बालाघाट से भोपाल एवं इंदौर की बसो में आने जाने वाले यात्रियों से अधिक किराया लिये जाने एवं किराया दो से तीन गुना तक बढाकर लिये जाने शिकायते प्राप्?त होती है। कलेक्?टर श्री मृणाल मीना के निर्देश पर जिला परिवहन अधिकारी द्वारा बस संचालकों को सख्?त हिदायत दी गई है कि वे यात्रियों से निर्धारित किराया ही ले। निर्धारित से अधिक किराया लिये जाने पर जुर्माने के साथ ही बस का परमिट निरस्?त करने की कार्यवाही की जा सकती है। यात्रियों से भी अपील की गई है कि अधिक किराया लिये जाने पर परिवहन विभाग द्वारा दिये गए मोबाईल नम्?बरों पर सूचना दे। जिला परिवहन अधिकारी श्री गढ़पाल ने बताया कि लंबी दूरी की बसों में निर्धारित से अधिक किराया लिए जाने पर यात्री जिला परिवहन कार्यालय बालाघाट में शिकायत कर सकते हैं, उनकी शिकायत पर त्वरित कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने बताया कि बालाघाट से भोपाल सुपर लग्जरी एसी बस का किराया 1120 रुपये, बालाघाट से इंदौर सुपर लग्जरी एसी बस का किराया 1583 रुपए, बालाघाट से भोपाल स्लीपर बस का किराया 896 रुपये एवं बालाघाट से इंदौर स्लीपर बस का किराया 1267 रुपये निर्धारित है ।

# रक्तदान शिविर में 85 यूनिट रक्त संग्रहित

**युवाओं एवं समाज के लोगों की रही भागीदारी**

**नवभारत, तिरोडी 23 फरवरी।** मॉयल नगरी तिरोडी में सोमवार को सोमनाथ वारदे की स्मृति में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। यह आयोजन 16 से 27 फरवरी तक चल रहे श्री देवी भागवत कथा कार्यक्रम के अंतर्गत संपन्न हुआ।

रक्तदान शिविर में कुल 85 रक्तदाताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए रक्तदान किया। कार्यक्रम में युवाओं एवं समाजबंधुओं की सक्रिय भागीदारी देखने को मिली। आयोजन समिति के अनुसार, संकलित रक्त जरूरतमंद मरीजों के उपचार में उपयोग किया जाएगा। आयोजकों ने सभी



रक्तदाताओं, सहयोगियों एवं बालाघाट से पहुंची रक्तदान टिम के प्रति आभार व्यक्त किया एंव 27 फरवरी को 'श्रीमद देवी भागवत कथा' समाप्ती एंव विशाल भंडारे मे सभी भक्तजनों से उपस्थित रहने की अपील की गयी है।

**इनकी रही उपस्थिति**-इस अवसर पर समाजसेवी प्रीतम सिंह वारदे, पठार संघर्ष समिति के संयोजक दिपक पुष्पतोड़े, नविन अग्रवाल,आकाश नंदरधने, रहिम खान, धर्मेन्द्र काशी, मनिष सुर्यवंशी, चुन्नीलाल कुलदीप, आकाश अग्रवाल, पवन पटोती, सुजल मंडलेकर, सिद्धांत साखरे, प्रियांशू नागेश्वर सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन करते हुए इसे समाजसेवा की दिशा में महत्वपूर्ण पहल बताया। कार्यक्रम शांतिपूर्ण एवं सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

**भिक्षावृत्ति में लिप्त बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने का प्रयास**- नवभारत, बालाघाट। समाज के हाशिये पर खड़े बच्चों के जीवन में नई रोशनी लाने का एक प्रेरणादायी प्रयास इन दिनों प्रबुद्ध विनायती कल्याणकारी संस्था द्वारा किया जा रहा है। संस्था भिक्षावृत्ति और कूड़ा-पन्नी बीनने जैसे कार्यों में लिप्त बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए निरंतर सक्रिय है। वन स्टॉप सेंटर प्रशासक सुश्री रचना चौधरी ने बताया कि संस्था की टीम द्वारा बालाघाट बस स्टैंड, प्रमुख चौक-चौराहों एवं सार्वजनिक स्थलों पर दिनभर भीख मांगने या कचरा चुनने वाले बच्चों को चिन्हित कर उन्हें शिक्षा के प्रति जागरूक किया जा रहा है। इस पहल का नेतृत्व संस्था के रमाई खुला आश्रय गृह बालाघाट के परियोजना समन्वयक श्री शिवगिरी गोस्वामी कर रहे हैं, जो पिछले एक माह से लगातार बच्चों तक पहुंचकर उन्हें पढ़ाई से जोड़ने का कार्य कर रहे हैं।

# संस्कृति, अस्मिता और पर्यावरण संरक्षण हमारी पहचान है : पारधी

**ग्राम मानेगांव (कटोरी) में भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा का अनावरण**

**नवभारत, खैरलांजी।** खैरलांजी जनपद क्षेत्र के ग्राम मानेगांव में आदिवासी समाज के महानायक धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा का गरिमामय अनावरण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम श्रद्धा, सांस्कृतिक गौरव और सामाजिक एकता का प्रतीक बना। बड़ी संख्या में ग्रामीणों एवं समाजजनों की उपस्थिति से आयोजन में उत्साह और आत्मीयता का वातावरण बना रहा।

समारोह में क्षेत्र के विधायक गौरव सिंह पारधी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने विधि-विधान से पूजन-अर्चन कर प्रतिमा का अनावरण किया और भगवान बिरसा मुंडा के संघर्ष, त्याग एवं समाज के उत्थान के लिए दिए गए योगदान को स्मरण किया। विधायक पारधी ने कहा कि बिरसा मुंडा का जीवन हमें अन्याय के विरुद्ध खड़े होने और अपनी संस्कृति व अस्मिता की रक्षा करने की प्रेरणा देता है।



इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष ज्ञानेश रहांगडाले, वरुण देशमुख, सांसद प्रतिनिधि लुबदेश्वर रहांगडाले, हितेश पटले, युवराज बघेले (मंत्री कटोरी मंडल), अभिषेक सेलोकर (युवा मोर्चा महामंत्री), साधु पारधी, विजय पारधी, मंजूषा कुंजाम (सरपंच कुम्हली मानेगांव), आकाश धुवारे, दिनेश धुर्वे, मुनेश मर्सकोले, अजय पुसाम, दिनेश मर्सकोले, जितेंद्र मर्सकोले, दिवाकर कुंजाम सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

इसी क्रम में ग्राम कचेखनी में आदिवासी गोंडवाना क्रांतिकारी समिति द्वारा स्थापित भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा परिसर में गोंडी धर्म साहित्य सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विधायक गौरव सिंह पारधी ने उपस्थित होकर प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और समाज की सांस्कृतिक चेतना को मजबूत करने के प्रयासों की सराहना की।

सम्मेलन में समाज के इतिहास, परंपराओं और साहित्य के संरक्षण पर चर्चा की गई। इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि लुबदेश्वर रहांगडाले, हितेश पटले, वरुण देशमुख, विशेष सरोते, रोशनलाल वरकड़े, मारोती कोकुडे, सुभेलाल उईके, नानेश्वर उईके, किशोर भलावे, दीपक वरकड़े, करण सरोते, रामेश्वर खुडसाम सहित बड़ी संख्या में सामाजिक बंधु एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

दोनों ग्रामों में आयोजित कार्यक्रमों ने आदिवासी समाज की सांस्कृतिक एकता, परंपराओं के प्रति सम्मान और सामाजिक जागरूकता का सशक्त संदेश दिया।

**संस्कृति और पर्यावरण संरक्षण पर देना होगा जोर**

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक पारधी ने संस्कृति और पर्यावरण संरक्षण को समाज की पहचान बताया। उन्होंने ग्रामीणों से प्रत्येक घर में तुलसी का पौधा लगाने का आग्रह करते हुए कहा कि यह केवल परंपरा का प्रतीक नहीं, बल्कि पर्यावरण शुद्धि और सकारात्मक ऊर्जा का भी माध्यम है। उन्होंने ग्रामवासियों की एकजुटता और आयोजन की गरिमा की सराहना की तथा कहा कि ऐसे आयोजन समाज में नई ऊर्जा और सकारात्मक सोच का संचार करते हैं।